Reg. No. : ...................................

Name : .......................................

**Code No. 7038**

**Second Year – JUNE 2017**
**SAY/IMPROVEMENT**

Time : 2½ Hours
Cool-off time : 15 Minutes

Part – III

## HINDI (Optional)

Maximum : 80 Scores

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'cool-off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are not allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool-off time'.
- Use the 'cool-off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except non-programmable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना :** निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

देर शाम मैं प्रतीक्षा करता हूँ ईश्वर की
एक शराबी, किसी झगड़े में सिर फुड़वाकर
गालियाँ बकता जाता है
रात, मैं राह देखता हूँ मृत्यु की
मेरी छोटी लड़की एक संतरा मेरी ओर बढ़ाती है ।

1. यह किस कविता का अंश है ? **(Score : 1)**
(साँप, विरोधाभास, सरोज–स्मृति, दो हाथियों की लड़ाई)

2. 'देर शाम मैं प्रतीक्षा करता हूँ ईश्वर की' – प्रतीक्षा करने वाला कौन है ? **(Score : 1)**
(सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', उदयप्रकाश, सच्चिदानंदन)

3. रात को कवि किसकी प्रतीक्षा करते हैं और क्या होता है ? **(Scores : 2)**

4. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें : **(Scores : 7)**

**सूचना :** 'नगर की नाक के नीचे' कहानी का यह अंश पढ़ें और **5** से **10** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

डॉक्टरानी ने उन्हें धन्यवाद दिया और ऑफिस जाने की तैयारी में संलग्न हो उठी । इसी बीच उसने देखा, उस भवन के मालिक एक विशाल काय सेठजी उसके कमरे की ओर बढ़े चले आ रहे थे । नज़दीक आकर उन्होंने अपने दोनों हाथ जोड़ते हुए कहा – "हें, हें, क्या मैं अंदर आ सकता हूँ ?" वे बोलीं "आइए । मेरे लायक सेवा ?" बोले – "हें, हें, सेवा तो मैं ही करने आया हूँ ।"

5. 'नगर की नाक के नीचे' किसकी रचना है ? **(Score : 1)**

6. डॉक्टरानी ऑफिस जाने की तैयारी में संलग्न हो उठी कि उसके नज़दीक कौन आये ? **(Score : 1)**

7. खंड से एक क्रियाविशेषण शब्द चुनकर लिखें । **(Score : 1)**

8. खंड से दो संबंधबोधक शब्द चुनकर लिखें । **(Scores : 1 × 2 = 2)**

9. खंड का संक्षेपण करें । **(Scores : 7)**

10. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक लिखें । **(Score : 1)**

**सूचना :** सही मिलान करें : **(Scores : 1 × 4 = 4)**

| | | |
|---|---|---|
| 11. अलबम | – | नंददुलारे वाजपेयी |
| 12. राजभाषा और राष्ट्रभाषा | – | सुदर्शन |
| 13. एक अंतरंग परिचय | – | रामदरश मिश्र |
| 14. वास्तव में घर एक पाठशाला है | – | सुलोचना रांगेय राघव |

**सूचना :** वार्तालाप लिखें :

15. अपनी मूल्यवती वस्तुएँ ढूँढ़ते-ढूँढ़ते मिल जाने पर आनंद होने वाले लक्ष्मीकांत झा का इस विषय पर अपने परिचित से वार्तालाप लिखें । **(Scores : 7)**

**सूचना :** निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और प्रश्न संख्या **16** और **17** के उत्तर लिखें :

Now-a-days paper has become very costly. Sometimes it is not even available. Therefore one has got to be very careful in using paper. Now I will tell you how careful Gandhiji was about paper. Everyday he was getting hundreds of letters. He did not throw away such letters. He wrote the draft of his letters on the back.

(Now-a-days – आजकल, costly – महँगा, available – मिलना, careful – सावधान, hundreds of – सैंकड़ों, draft – मसौदा)

16. आजकल क्या महँगा हो गया है ? **(Score : 1)**

17. अंग्रेजी खंड का हिन्दी में अनुवाद करें । **(Scores : 7)**

18. रांगेय राघव से डॉ. सुलोचना के मिलने के अनुभवों पर आपने एक डोक्युमेंटरी तैयार की है । इस डोक्युमेंटरी (वृत्तचित्र) का विज्ञापन तैयार करें । **(Scores : 7)**

19. 'आत्मकथा' साहित्य और 'जीवनी' साहित्य के शैलीगत तथा भाषागत अंतर पर टिप्पणी लिखें । **(Scores : 6)**

**सूचना : 20** से **24** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखें : **(Scores : 3 × 8 = 24)**

20. आकाशवाणी में अरुणकुमार पासवानजी से हुई बातचीत पर रामदरश मिश्र अपने मित्र को पत्र लिखते हैं । वह पत्र लिखें ।

   * आकाशवाणी में स्मित के साथ आना
   * पासवानजी द्वारा रामदरश मिश्र की रचनाओं पर बात उठाया जाना
   * रचनात्मक संवाद के लिए धन्यवाद देना

21. आधुनिक हिन्दी गद्य साहित्य पर आलेख तैयार करें :

* हिन्दी गद्य साहित्य का आरंभ
* भारतेन्दु युग
* द्विवेदी युग
* छायावाद और छायावादोत्तर युग

22. आपने 'राजभाषा और राष्ट्रभाषा' विषयक संगोष्ठी में भाग लिया । उस दिन की डायरी लिखें ।

* विविध व्यक्तियों द्वारा आलेख प्रस्तुत किया जाना
* राजभाषा और राष्ट्रभाषा का अंतर समझ लेना
* हिन्दी सीखने की आवश्यकता

23. प्रगतिशील विचारधारा वाले कवि निराला दहेज देकर बेटी की शादी रचाना नहीं चाहते थे । 'दहेज : समाज का शाप' विषय पर निबंध लिखें ।

* निराला क्रांतिकारी कवि हैं ।
* आर्थिक स्थिति भी दहेज देने के अनुकूल नहीं थी ।
* एक प्रमुख सामाजिक समस्या है दहेज ।

24. हिन्दी उपन्यास साहित्य पर लेख तैयार करें :

* उपन्यास की परिभाषा
* प्रेमचन्द पूर्व युग
* प्रेमचन्द युग
* प्रेमचन्दोत्तर युग

| Qn. No. | Sub Qns | Answer Key / Value points | Score | Total |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | विरोधाभास | 1 | 1 |
| 2. | | सच्चिदानंदन | 1 | 1 |
| 3. | | मृत्यु की प्रतीक्षा करते हैं। छोटी लड़की सतरा ... जीने की प्रतीक्षा बढ़ाती हुई लेकर आती है। | 2 | 2. |
| 4. | | • कवि का परिचय है। | 1 | |
| | | • कविता का सार है। | 3 | 7 |
| | | • कविता का विश्लेषण किया गया है। | 3 | |
| 5 | | रामनारायण उपाध्याय | 1 | 1 |
| 6 | | सेठजी | 1 | 1 |
| 7 | | अंदर | 1 | 1 |
| 8 | | के बीच, की ओर, के लायक (any two) | 1+1 | 2 |
| 9 | | • मुख्य आशयों का चयन किया है। | 2 | |
| | | • अनावश्यक विस्तार छोड़ा है। | 2 | 7 |
| | | • अपनी भाषा में आशय प्रस्तुत किया है। | 3 | |
| 10 | | उचित शीर्षक है। | 1 | 1 |
| 11 | | सुदर्शन | 1 | 1 |
| 12 | | नंददुलारे वाजपेयी | 1 | 1 |
| 13. | | सुलोचना रांगेय राघव | 1 | 1 |
| 14 | | रामदरश मिश्र | 1 | 1 |
| 15. | | • प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है। | 1 | |
| | | • स्वाभाविक शुरुआत है। | 1 | |
| | | • प्रश्नोत्तर शैली है। | 2 | |
| | | • प्रवाहमयता है। | 1 | 7 |
| | | • कल्पना है। | 1 | |
| | | • स्वाभाविक अंत है। | 1 | |
| 16 | | कागज़ | 1 | 1 |
| 17 | | • खंड का आशय ग्रहण किया है। | 2 | |
| | | • लक्ष्य भाषा में अनुवाद किया है। | 3 | 7 |
| | | • लक्ष्य भाषा की शैली अपनायी है। | 2 | |
| 18 | | • विषय की अवधारणा है। | 2 | |
| | | • विज्ञापन की शैली अपनायी है। | 3 | 7 |
| | | • आकर्षक बनाया है। | 2 | |

| Qn NO. | Sub Qns | Answer Key / value Points | score | Total |
|---|---|---|---|---|
| 19 | | • आत्मकथा और जीवनी का भाषागत अंतर लिखा है। | 2 | 6 |
| | | • आत्मकथा और जीवनी का शैलीगत अंतर लिखा है। | 2 | |
| | | • क्रमबद्धता है। | 2 | |
| 20 | | • स्वाभाविक शुरुआत है। | 2 | 8 |
| | | • विषय वस्तु प्रसंगानुसार है। | 2 | |
| | | • पत्र में संवेदना की अभिव्यक्ति है। | 2 | |
| | | • पत्र की रूपरेखा अपनायी है। | 2 | |
| 21 | | • भूमिका है। | 2 | 8 |
| | | • हिन्दी गद्य साहित्य का विकास लिखा है। | 2 | |
| | | • क्रमबद्धता है। | 2 | |
| | | • उपसंहार है। | 2 | |
| 22 | | • स्वाभाविक शुरुआत है। | 2 | 8 |
| | | • अनुभवों में क्रमबद्धता है। | 2 | |
| | | • संवेदना की अभिव्यक्ति है। | 2 | |
| | | • डायरी की भाषा-शैली अपनायी है। | 2 | |
| 23 | | • भूमिका है। | 2 | 8 |
| | | • आवश्यक बिन्दुओं का समावेश है। | 2 | |
| | | • क्रमबद्धता है। | 2 | |
| | | • उपसंहार है। | 2 | |
| 24 | | • भूमिका है। | 2 | 8 |
| | | • आवश्यक बिन्दुओं का समावेश है। | 2 | |
| | | • क्रमबद्धता है। | 2 | |
| | | • उपसंहार है। | 2 | |
| | | Total | 96 | 96 |

96 − 16 = 80.
(choice for 2 Essay questions score 16)